14/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाइक ने राज्य के लोगों, खासकर मिश्मी जनजाति को तमला दू महोत्सव के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह त्योहार सभी के लिए खुशियाँ, समृद्धि और सद्भाव लेकर आएगा। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि ये त्योहार सदियों से मिश्मी समुदाय के प्रकृति के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतिक है, जिसका सम्मान और संरक्षण करना सभी का कर्तव्य है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप लिंगफा ने आयोग के सचिव एवं अन्य सदस्यों के साथ आज मुख्यमंत्री पेमा खांडू से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में आयोग के सभी सदस्यों को उनके कार्यकाल के एक साल पूरा होने पर हार्दिक बधाई दी। श्री खांडू ने कहा कि आयोक के समर्पण और कड़ी मेहनत ने ज़रूरी सुधार लाते हुए कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि, एपीपीएससी अरुणाचल प्रदेश के युवाओं के लिए आशा और आकांक्षा की किरण है। मुख्यमंत्री ने युवा उम्मीदवारों के लाभ के लिए आयोग को और मजबूत बनाने में पूर्ण सहयोग एवं समर्थन प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

0000000000000000000000000

तवांग के लोगों द्वारा आज मेजर रालेंगनाओ 'बॉब' खाटिंग को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मेजर 'बॉब' खाटिंग दिवस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में तवांग के बॉब खटिंग मेमोरियल म्यूजियम ऑफ वैलोर के पास उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस समारोह का नेतृत्व तवांग ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर भूपाल सिंह ने किया। उल्लेखनीय है कि भारी बर्फबारी के बावजूद वाहनों की आवाजाही बाधित होते हुए भी दूरदराज के गांवों के निवासियों सहित बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

0000000000000000000000000

पुलिस अधीक्षक मिहिन गाम्बो द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले साल दिसंबर में नाहरलागुन के सेंट अल्फांसो स्कूल के खिलाफ दर्ज एफआईआर के संबंध में जांच पूरी होने के बाद कल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, युपिया के समक्ष कथित आरोपी स्कूल के प्रिंसिपल शाजी चेरियन, वाइस प्रिंसिपल कुरियन पल्लीकुन्नेल जॉन और स्कूल भवन के मालिक कापा राय के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है। आरोप पत्र धारा 105/106(1)/125(बी)/3(5) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। एसपी ने यह भी बताया कि, अपनी सीमित भूमिका के कारण हॉस्टल वार्डन गौरव गोगोई, दिकी कुमार दास और कौशिक छेत्री की इस मामले में संलिप्तता स्थापित नहीं की जा सकी है और इसी कारण, उनके नाम आरोप पत्र से हटा दिए गए हैं।

0000000000000000000000000

लोअर सियांग के महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हाल ही में लिकाबाली में गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 2014 पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का लक्ष्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम, आशा और अन्य प्रमुख हितधारकों को अधिनियम से परिचित कराना था। इस कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर छह सप्ताह तक चलने वाले समारोह की शुरुआत भी की गई। समारोह का समापन आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में होगा।

0000000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के पापुम्पारे, सियांग, लेपा रादा, लोअर सियांग, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज और बिजली के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई है। तवांग, वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, अपर सुबनसिरी, शी-योमी और अपर सियांग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में भी कुछ स्थानों पर बारिश और बर्फबारी का संभावना है।

0000000000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय में फ़ेकलटी ऑफ़ लैंग्वेज द्वारा गत 11 फरवरी से अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कई साहित्यिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें “द रोले ऑफ़ मदर टंग़ इन प्रोमोटिंग द इंडियन नॉलेज सिस्टम”

विषय पर निबंध प्रतियोगिता और “मदर टंग़” विषय पर कविता लेखन शामिल था। छात्रों ने आदि, न्यीशी, गालो, नोक्ते, तांगसा और असमिया में लोककथाओं का वर्णन करते हुए कहानी सुनाने की प्रतियोगिता के माध्यम से अपने पारंपरिक ज्ञान को साझा किया। विश्वविद्यालय में आयोजित तीन प्रतियोगिताओं में विभिन्न विभागों के सत्तर से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं के परिणाम 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर घोषित किए जाएंगे।

0000000000000000000000000

केई पान्योर उपायुक्त श्वेता नागरकोटी मेहता द्वारा आज याजाली में पान्योर रिवर कार्निवल 2.0 का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कार्निवल का आयोजन केई पान्योर के उत्पाद और क्षमता को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं को व्यवसाय और उद्यमिता में प्रोत्साहित करने के लिए कल से चर्चा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में रोमांच, संगीत और सांस्कृतिक का संगम होगा। जिसमें फ्ली मार्केट, स्थानीय शिल्प, भोजन और क्षेत्र के स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे हैं।